CITY OF MONASH

# सदस्यता की शर्तें

**सदस्यता की शर्तें**

- लायब्रेरी की सदस्यता पाने के लिए अपने नाम और वर्तमान पते का प्रमाण दिखाएँ। जो आवेदक अपने पते का प्रमाण प्रस्तुत नहीं करेंगे, वे प्रभारी लायब्रेरियन के निर्णय के आधार पर छूट की पात्रता पा सकते हैं।
- 16 वर्ष से कम उम्र के आवेदकों के लिए, गारंटीकर्ता के रूप में माता/पिता या संरक्षक को हस्ताक्षर करना होगा। सदस्यता कार्ड पर उधार ली गई सभी वस्तुओं तथा सदस्य द्वारा देय सभी शुल्कों और प्रभारों के लिए, हस्ताक्षर करने वाले गारंटीकर्ता उत्तरदायी होंगे।
- उधार लेने या अपने एकाउंट संबंधी सूचनाएं देखने के लिए अपना लायब्रेरी कार्ड दिखाएँ। आपके पास आपका लायब्रेरी कार्ड न होने की स्थिति में, आपको अपने नाम और वर्तमान पते का प्रमाण दिखाना होगा।
- अपने नाम या पते में परिवर्तन होने पर हमें सूचित करें।
- आपके कार्ड पर उधार ली गई किसी भी वस्तु के खो जाने या क्षतिग्रस्त हो जाने पर आपको प्रतिस्थापन (रीप्लेसमेंट) शुल्क देना होगा। इस शुल्क में उस वस्तु का मूल्य और प्रक्रमण शुल्क शामिल है जो वापस नहीं किया जाएगा।
- लायब्रेरी कार्ड के खो जाने या चोरी हो जाने पर हमें बताएं। खो चुके लायब्रेरी कार्ड के बदले दूसरा कार्ड लेने के लिए आपको शुल्क देना होगा।
- आपको केवल एक लायब्रेरी कार्ड मिलेगा।
- अपने लायब्रेरी कार्ड पर उधार ली गई सभी वस्तुओं के लिए आपको अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी।
- आप उधार ली गई वस्तुओं का दो बार नवीकरण कर सकते हैं, बशर्ते कि वे वस्तुएं किसी अन्य लायब्रेरी सदस्य द्वारा आरक्षित न हों। आप व्यक्तिगत रूप से, फोन द्वारा या ऑनलाइन तरीके से नवीकरण कर सकते हैं।
- आप जो वस्तु उधार लेना चाहते हैं उसमें कोई भी टूट-फूट दिखाई दे तो उसके बारे में हमें पहले ही बता दें।

**लायब्रेरी में आपका आचार-व्यवहार**

- काउंसिल अपने ग्राहकों और स्टाफ को सुरक्षित एवं शांतिप्रद वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
- काउंसिल निम्नलिखित किस्म के आचार-व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी:
  - असामाजिक व्यवहार; जैसे किसी को परेशान करना, आक्रामक व्यवहार या अमर्यादित भाषा का प्रयोग
  - इस तरह का आचरण करना जिससे उपद्रव खड़ा हो, किसी व्यक्ति को खतरा महसूस हो, या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लायब्रेरी के उपयोग या लाभ उठाने में बाधा उत्पन्न हो।
  - ऐसा आचरण जो किसी संकेत के विरुद्ध हो, या प्रभारी लायब्रेरियन अथवा किसी भी अधिकृत अधिकारी के वैधानिक दिशानिर्देश के प्रतिकूल हो।
  - लायब्रेरी के संसाधनों का दुरुपयोग, जिसमें लायब्रेरी की सम्पत्ति को नष्ट करना या नुकसान पहुंचाना तथा कंप्यूटर और इंटरनेट/वाई-फाई के उपयोग की शर्तों का पालन न करना भी शामिल हैं।
- लायब्रेरी स्टाफ को यह अधिकार प्राप्त है कि वे अस्वीकार्य किस्म का व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को, मोनाश सिटी के स्थानीय कानून सं. 3 के अनुरूप, भवन से चले जाने को कहें।
- लायब्रेरी के सभी आगंतुकों को काउंसिल, राज्य या संघीय सरकार के स्वास्थ्य सम्बंधी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।
- जो लोग लगातार अस्वीकार्य किस्म का व्यवहार करेंगे, उन्हें- परिस्थितियों और अस्वीकार्य व्यवहार की प्रकृति के आधार पर, लायब्रेरी के कतिपय संसाधनों तक पहुँच प्राप्त करने या एक निर्धारित अवधि तक लायब्रेरी में प्रवेश करने से मना किया जा सकता है।
- 11 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी जिम्मेदार वयस्क व्यक्ति की निगरानी में रहना होगा।
- इंटरनेट का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को कंप्यूटर और इंटरनेट/वाई-फाई के उपयोग की शर्तों का पालन करना होगा।

**निजता/गोपनीयता**

*काउंसिल द्वारा आपकी व्यक्तिगत जानकारियों का उपयोग केवल लायब्रेरी सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। आपकी सहमति के बिना आपकी व्यक्तिगत सूचनाएं किसी भी बाहरी पक्ष के सामने प्रकट नहीं की जाएंगी, बशर्ते कि ऐसा करना कानून द्वारा वांछित या अधिकृत अथवा **निजता एवं डेटा संरक्षण अधिनियम** 2014 के अनुरूप न हो। व्यक्तिगत सूचनाओं के संरक्षण के लिए काउंसिल ने नीतियां एवं प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं जो काउंसिल की वेबसाइट* ***www.monash.vic.gov.au/legal/privacy*** *पर उपलब्ध है।*

## कंप्यूटर और इंटरनेट/वाई-फाई के उपयोग की शर्तें

- जो कंप्यूटर उपयोगकर्ता लायब्रेरी के वैध सदस्य हैं उन्हें स्वयं अपने कार्ड नंबर के जरिये कंप्यूटर में लॉग-ऑन करना होगा। विक्टोरिया में आने वाले आगंतुक अपनी पहचान दिखाकर कंप्यूटर ऍक्सेस के लिए 'विजिटर्स पास' प्राप्त कर सकते हैं।
- 16 वर्ष से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के गारंटीकर्ता के रूप में माता/पिता या संरक्षक को अपना नाम दर्ज़ करना होगा। अपने बच्चे द्वारा लायब्रेरी के इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी संबंधी संसाधनों के ऍक्सेस की निगरानी की पूरी जिम्मेदारी माता/पिता या संरक्षक की होगी।
- एक समय में दो से अधिक व्यक्ति लायब्रेरी के कंप्यूटर का उपयोग नहीं कर सकते।
- अपनी बुकिंग-अवधि के दौरान, सामग्रियों तक पहुँच हासिल करने, उनके संप्रेषण, प्रदर्शन, प्रिंटिंग और भंडारण सहित इंटरनेट की समस्त संक्रिया के लिए उपयोगकर्ता उत्तरदायी होंगे।
- उपयोगकर्ताओं को सभी प्रांतीय एवं संघीय कानूनों तथा *स्थानीय कानून सं.* ***3*** का अनुपालन करना होगा।
- जानबूझ कर ऐसी सामग्री को डाउनलोड करना/या देखना स्पष्ट रूप से मना है जिसमें आपत्तिजनक समझी जाने वाली या गैर-कानूनी विषयवस्तु निहित है। इंटरनेट के अस्वीकार्य उपयोग में निम्नांकित बातें शामिल हैं, लेकिन वे यहीं तक सीमित नहीं हैं:
    - लायब्रेरी के स्वामित्व वाले किसी भी उपकरण, सॉफ्टवेयर या डेटा को नष्ट या क्षतिग्रस्त करना।
    - चित्रों सहित, ऐसी सामग्रियों को देखना जो आम तौर पर प्रकट रूप से कामुक (सेक्सुअल) मानी जाती हों।
    - जानबूझ कर अनधिकृत रूप से स्वत्वाधिकार (कॉपीराइट) द्वारा संरक्षित सामग्री की प्रतिलिपि बनाना या लायसेंस सहमतियों अथवा अन्य अनुबंधों का उल्लंघन।
    - किसी भी कंप्यूटर नेटवर्क की सिस्टम सेक्योरिटी का अतिक्रमण या उल्लंघन का प्रयास।
    - ऐसे व्यक्तियों या निकायों की निजता/गोपनीयता का उल्लंघन जो सूचना संसाधनों के सर्जक, संलेखक, उपयोगकर्ता या विषयाधीन व्यक्ति हैं।
    - इलेक्ट्रॉनिक संचारों पर अनधिकृत रूप से नजर रखना
    - ईमेल सेवाओं का अनुचित उपयोग, जैसे स्पैमिंग (अवांछनीय ईमेल भेजना)।
    - मोनाश  काउंसिल की 'उत्तरदायी द्यूतक्रीड़ा कार्यनीति' ( रिस्पॉन्सिबल गैम्बलिंग स्ट्रेटजी) के अनुसार जुआ खेलने संबंधी साइटें।

- कतिपय प्रक्रियाओं ), फाइल टाइपों और डाउनलोड साइजों तक ऍक्सेस को परिसीमित करने का अधिकार लायब्रेरी के पास संरक्षित है।
- कंप्यूटर के उपयोगकर्ता प्रिंटिंग दर के अनुसार समस्त प्रिंटिंग व्ययों के लिए जिम्मेदार होंगे।
- इन शर्तों का अनुपालन न करने पर कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं को रोक दिया जाएगा।

CITY OF MONASH

- लायब्रेरी के इंटरनेट संसाधनों के उपयोग से जुड़े गैर-कानूनी कार्य स्थानीय, प्रांतीय या संघीय प्राधिकारियों द्वारा भी अभियोजन के अधीन हो सकते हैं।
- लायब्रेरी स्टाफ के विवेकाधिकार के अनुसार, लायब्रेरी के पास सत्र को समाप्त करने का अधिकार संरक्षित है।
- अपने कंप्यूटर नेटवर्कों के माध्यम से संचारित सभी आदान-प्रदान पर निगरानी रखने का अधिकार मोनाश काउंसिल के पास संरक्षित है।